हिना खान संग विक्रम भट्ट की फिल्म जनवरी में रिलीज होगी..

बिग बॉस फेम हिना खान जल्द ही बड़े पर्दे पर कदम रखने जा रही हैं. हाल ही में उनकी फिल्म हैक्ड की रिलीज डेट अनाउंस कर दी गई है. हिना खान की पहली फिल्म अगले साल 31 जनवरी को रिलीज होगी. इस फिल्म में हिना खान के साथ रोहन शाह, मोहित मल्होत्रा और सिड मक्कर नजर आएंगे . फिल्म का निर्देशन विक्रम भट्ट कर रहे हैं. फिल्म की रिलीज डेट अनाउंस करते समय फिल्म से हिना खान का फर्स्ट लुक भी जारी किया गया है. इस लुक में हिना खान मुस्कुराती नजर आ रही हैं और उनके पीछे विक्रम भट्ट खड़े नजर आ रहे हैं. आपको बता दें कि ये फिल्म एक थ्रिलर होगी जिसमें सोशल मीडिया से जुड़ी कहानी दिखाई जाएगी. अपनी फिल्म को अनाउंस करते हुए हिना खान ने बताया था कि उनकी फिल्म ऑनलाइन हैकिंग से जुड़ी है. उन्होंने अपनी फिल्म अनाउंस करते हुए लिखा था, फेसबुक, इंस्टाग्राम सहित सोशल मीडिया पर हमारी बहुत सी निजी जानकारियां उपलब्ध हैं. अगर कोई इसका गलत इस्तेमाल करना चाहे तो वह सामने वाले की जिंदगी में तबाही मचा सकता है, और यही मेरी कहानी का आधार है जो इन दिनों काफी कॉमन है. हैक के अलावा भी हिना खान के पास कई और प्रोजेक्ट्स हैं. इसके अलावा वो हुसैन खान की महिला केंद्रित फिल्म लाइन्स में भी नजर आएंगी. फिल्म की शूटिंग लगभग खत्म कर ली गई है. फिल्म लाइन्स ९० के दशक के कश्मीर पर आधारित है. इसमें हिना के साथ ऋषि भूटानी और फरीदा जलाल भी हैं. इसके अलावा हिना खान एक वेब सीरीज में नजर आने वाली हैं. इसमें हिना खान एक्टर अध्ययन सुमन के साथ स्क्रीन शेयर करती नजर आएंगी. जल्द ही वेब शो डैमेज्ड के दूसरे सीजन में नजर आएंगे. यह वेब शो एक साइकोलॉजिकल क्राइम ड्रामा है. शो का निर्देशन एकांत बबानी करेंगे.

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

शाहरुख खान अप्रैल २०२० से शुरू करेंगे राजकुमार हिरानी के साथ शूटिंग?

जीरो की रिलीज को करीब एक साल हो रहे हैं लेकिन अब तक शाहरुख खान ने अपनी अगली फिल्म की घोषणा नहीं की है। उम्मीद की जा रही थी कि वह अपने जन्मदिन के मौके पर यानी 2 नवंबर को अपनी अपकमिंग फिल्म का अनाउंसमेंट कर सकते हैं लेकिन ऐसा नहीं हो सका। हालांकि, उस दिन शाहरुख ने कहा था कि २०२० में उनकी फिल्म रिलीज होगी। बीते कई दिनों से किंग खान के कई डायरेक्टर्स के साथ काम करने की चर्चा है जिनमें राजकुमार हिरानी, ऐटली और अली अब्बास जफर जैसे निर्देशक शामिल हैं। इस बीच एक लेटेस्ट रिपोर्ट की मानें तो कि हिरानी के साथ शाहरुख फिल्म करने जा रहे हैं जो कि अप्रैल २०२० में फ्लोर पर जाएगी। सूत्र के मुताबिक, शाहरुख को तीनों की कहानियां पसंद आई हैं और वह एक-एक कर सभी में काम करेंगे। राजकुमार हिरानी ने अप्रैल २०२० से शाहरुख के साथ डेट्स लॉक कर ली हैं। अगर सबकुछ ठीक होता है तो अगले साल यह बड़ी रिलीज होगी।

मेरी जिंदगी में असुरक्षा ने अभी तक दस्तक नहीं दी: वाणी कपूर

अभिनेत्री वाणी कपूर को बॉलीवुड में करीब छह साल हो गए। इस बीच उन्होंने मात्र तीन फिल्में ही की और चौथी में काम कर रही हैं। अभिनेत्री इस जगत में धीरे-धीरे कदम बढ़ा रही हैं, जिसे लेकर उनका कहना है कि उनकी जिंदगी में अभी असुरक्षा की भावना ने दस्तक नहीं दी है, क्योंकि उनका मानना है कि काम के प्रति शत प्रतिशत सर्मपण काफी मायने रखता है, जो वो कर रही हैं। वाणी ने कहा, आपको असुरक्षा तभी महसूस होती है, जब आप उसे अपनी जिंदगी में आने देते हैं।

अभिनेत्री ने आगे कहा, बेशक जीवन में अच्छे और बुरे दिन आते हैं, लेकिन मैं अपने रास्ते में आने वाली चीजों को अपना शत प्रतिशत देने में भरोसा करती हूं और उस काम का हिस्सा बनने को लेकर आभार व्यक्त करती हूं।

वाणी ने साल २०१३ में रोमांटिक कॉमेडी फिल्म शुद्ध देसी रोमांस से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। इसके बाद उन्हें बेफिक्रे और वार में देखा गया। 31 वर्षीय अभिनेत्री अपनी आगामी फिल्म को लेकर काफी खुश और उत्साहित हैं।

अभिनेत्री ने कहा, मैं काफी खुश और आभारी हूं कि मुझे काम मिलता गया। मेरे पास वार था, फिर शमशेरा मिल गया, ऐसे में अपनी जिंदगी को मैं वैसे ही जी रही हूं, जैसा जिंदगी चाहती है।

मोनिका भदौरिया ने छोड़ा तारक मेहता का उल्टा चश्मा, 6 साल से थीं शो का हिस्सा

तारक मेहता का उल्टा चश्मा सालों से टीआरपी में बना हुआ है और हर कोई इस कॉमिडी शो को पसंद करता है। लेकिन इस शो में अहम किरदार निभाने वाली एक कलाकार ने यह शो छोड़ दिया है। इस ऐक्ट्रेस का नाम है मोनिका भदौरिया। मोनिका इस शो में बागा की गर्लफ्रेंड बावरी का रोल प्ले कर रही थीं। मोनिका ने बताया कि उन्होंने तारक मेहता... छोड़ दिया है। उन्होंने कहा, हां मैंने शो छोड़ दिया है। इस बात को 2 महीने से भी ज्यादा हो चुके हैं। मैं अपने निभाए किरदार को बहुत मिस करूंगी क्योंकि इसे मैंने अपने हिसाब से ढाला था। कुछ वक्त पहले ऐसी खबरें आई थीं, जिनमें कहा गया कि मोनिका भदौरिया ने अपनी फीस बढ़ा दी है। लेकिन उन खबरों का खंडन करते हुए मोनिका ने कहा, मैंने तारक मेहता का उल्टा चश्मा सौहार्दपूर्ण तरीके से छोड़ा है और किसी से कोई बैर नहीं है। बता दें कि मोनिका करीब 6 साल से इस कॉमिडी शो का हिस्सा थीं और पिछले कुछ वक्त से शो में नजर नहीं आ रही थीं। अब देखना यह होगा कि उनका अगला प्रॉजेक्ट क्या होगा।